भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4519
जिसका उत्तर बुधवार, 12 अप्रैल, 2017 को दिया जाना है

**"केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के नए उद्यमों (सी पी एस ई) की स्थापना किया जाना"**

**4519. श्री डी. कुपेन्द्र रेड्डी:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने हाल ही में देश में किसी नए भारी उद्योग की स्थापना की है;

(ख) यदि हां, तो उन स्थानों/राज्यों जहां ऐसे उद्योग स्थापित किये गए हैं, के साथ तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार के पास देश में नए सी. पी. एस. ई. स्थापित करने के कोई प्रस्ताव विचाराधीन/लंबित हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन प्रस्तावों को कब तक स्वीकृत/स्थापित किये जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

**(क) और (ख):** चूंकि, उद्योग राज्य का विषय है, अतः भारी उद्योग विभाग द्वारा देश के किसी भी भाग में नए भारी उद्योगों की स्थापना के संबंध में केन्द्रीय रूप से ब्यौरा नहीं रखा जाता। भारी उद्योग विभाग की भूमिका इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के प्रशासन तक सीमित है। तथापि, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के ये उद्यम वाणिज्यिक आधार पर देश के विभिन्न भागों में अपनी इकाई स्थापित करने का निर्णय लेते हैं। तथापि, ये राज्य अपनी प्राथमिकताओं तथा निवेश वातावरण के अनुसार उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देते हैं और इस प्रकार का ब्यौरा केवल उनके पास ही उपलब्ध होने की आशा है।

**(ग):** वर्तमान में, भारी उद्योग विभाग द्वारा कोई नया उद्योग स्थापित किए जाने की योजना नहीं है।

**(घ):** प्रश्न नहीं उठता।

*******